भारत सरकार
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 5
उत्तर देने की तारीख 14 सितंबर, 2020
सोमवार, 23 भाद्रपद, 1942 (शक)

संकल्प योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण

5. श्री परबतभाई सवाभाई पटेलः श्री जसवंत सिंह सुमनभाई भाभोरः श्रीमती गीताबेन वी. राठवाः श्री प्रदीप कुमार सिंहः श्री शान्तनु ठाकुरः श्री नारणभाई काछड़ियाः श्री जॉन बर्लाः

क्या कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) उन क्षेत्रों का ब्यौरा क्या है जिनमें संकल्प योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है;

(ख) क्या उक्त प्रशिक्षण के उपरांत रोज़गार उपलब्ध कराया जा रहा है;

(ग) क्या इस प्रशिक्षण से लोगों के कौशल में सुधार हो रहा है;

(घ) सरकार द्वारा उक्त योजना के लिए विगत तीन वर्षों के दौरान कितनी धनराशि आवंटित की गई है; और

(ङ) गुजरात, बिहार तथा पश्चिम बंगाल सहित तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री राज कुमार सिंह)

(क) से (ग) आजीविका संवर्धन हेतु कौशल अर्जन तथा ज्ञान जागरूकता (संकल्प), राष्ट्रीय कौशल विकास मिशन (एनएसडीएम) के अधिदेश को कार्यान्वित करने के उद्देश्य से एक परिणाम आधारित केंद्रीय प्रायोजित स्कीम है। संकल्प का उद्देश्य कौशल विकास कार्यक्रमों में अभिसरण, गुणवत्ता में सुधार लाने तथा अल्पावधि प्रशिक्षण के संदर्भ में उन्हें प्रासंगिक और सुलभ बनाने के लिए चल रही चुनौतियों का समाधान करना है। संकल्प के तीन प्रमुख परिणाम क्षेत्र हैं, जिनके नाम- (i) केंद्रीय, राजकीय और जिला स्तर पर संस्थागत

सुदृढ़ीकरण; (ii) कौशल विकास कार्यक्रमों की गुणवत्ता आश्वासन; और (iii) कौशल विकास कार्यक्रमों में वंचित जन समूह को शामिल करना, है। अन्य कौशल विकास स्कीमों से भिन्न, संकल्प एक प्रशिक्षण स्कीम नहीं है, यह उपर्युक्त परिणाम क्षेत्रों के अनुरूप इंटरवेनशनों पर फोकस करता है।

(घ) और (ड.) पिछले तीन वर्षों के दौरान, संकल्प स्कीम के तहत गुजरात, बिहार और पश्चिम बंगाल सहित 30 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को 275.02 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत की गई है। इनमें से 263.32 करोड़ रुपए 28 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को राज्य प्रोत्साहन अनुदान के रूप में जारी किए गए हैं जबकि 11.70 करोड़ रुपए 28 राज्यों के 117 आकांक्षीय जिलों के कौशल इकोसिस्टम को सुदृढ़ करने के लिए जारी किए गए हैं। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र को जारी की गई धनराशि का विस्तृत विवरण **अनुबंध-1** पर दिया गया है।

अनुबंध-1

संकल्प के अंतर्गत राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों को जारी की गई धनराशि का ब्योरा

(राशि रुपए में)

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	राज्य प्रोत्साहन अनुदान	आकांक्षीय जिलों के लिए धनराशि	योग
1	आंध्र प्रदेश	7,76,25,000	30,00,000	8,06,25,000
2	छत्तीसगढ़	8,04,49,200	1,00,00,000	9,04,49,200
3	हरियाणा	6,62,97,600	10,00,000	6,72,97,600
4	हिमाचल प्रदेश	-	10,00,000	10,00,000
5	जम्मू और कश्मीर	3,84,75,000	20,00,000	4,04,75,000
6	झारखंड	5,61,60,000	1,90,00,000	7,51,60,000
7	कर्नाटक	14,35,20,000	20,00,000	14,55,20,000
8	केरल	6,09,30,000	10,00,000	6,19,30,000
9	मध्य प्रदेश	14,42,40,000	80,00,000	15,22,40,000
10	महाराष्ट्र	22,04,40,000	40,00,000	22,44,40,000
11	ओडिशा	4,89,60,000	1,00,00,000	5,89,60,000
12	राजस्थान	15,66,60,000	50,00,000	16,16,60,000
13	तमिलनाडु	12,18,12,000	20,00,000	12,38,12,000
14	तेलंगाना	-	30,00,000	30,00,000
15	उत्तर प्रदेश	44,68,80,000	80,00,000	45,48,80,000
16	उत्तराखंड	3,40,20,000	20,00,000	3,60,20,000
17	पश्चिम बंगाल	20,70,60,000	50,00,000	21,20,60,000
18	बिहार	24,76,77,600	1,30,00,000	26,06,77,600
19	गुजरात	14,55,00,000	20,00,000	14,75,00,000
20	पंजाब	7,05,60,000	20,00,000	7,25,60,000
21	अरुणाचल प्रदेश	2,73,28,500	10,00,000	2,83,28,500
22	असम	8,84,00,000	70,00,000	9,54,00,000
23	मणिपुर	1,65,15,000	10,00,000	1,75,15,000
24	मेघालय	2,23,20,000	10,00,000	2,33,20,000
25	मिजोरम	1,80,90,000	10,00,000	1,90,90,000
26	नगालैंड	2,34,00,000	10,00,000	2,44,00,000
27	सिक्किम	1,98,00,000	10,00,000	2,08,00,000
28	त्रिपुरा	2,16,72,000	10,00,000	2,26,72,000
29	गोवा	1,02,00,000	-	1,02,00,000
30	पुडुचेरी	1,82,50,000	-	1,82,50,000
योग		**263,32,41,900**	**11,70,00,000**	**275,02,41,900**

******